**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 31.03.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

- **आज बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में बत्तीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण—सुरक्षा बलों ने करीब डेढ़ सौ हथियारों के साथ लगभग चौदह करोड़ रूपये मूल्य की नगद रकम और सोना भी बरामद किया।**
- **कल से शुरू होगी जनगणना—केन्द्र सरकार ने पहले चरण के लिए तैंतीस प्रश्न अधिसूचित किए।**
- **मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में तीन सौ बेसिक लाइफ सपोर्ट और सत्तर एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के सभी जिलों के लिए रवाना किया।**
- **खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में आज छत्तीसगढ़ ने एथलेटिक्स में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने के साथ ही महिला फुटबॉल के फाइनल में भी जगह बनाई।**

## माओवादी आत्मसमर्पण

केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ सहित देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने की निर्धारित समय—सीमा का आज अंतिम दिन है। आज प्रदेश में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में बत्तीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

बीजापुर जिले में आज पच्चीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें बारह महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन पर करीब डेढ़ करोड़ रूपये का इनाम घोषित था। इनसे मिली सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखा गया करीब सात किलो सोना और लगभग तीन करोड़ रूपये की नगद रकम बरामद की है। माओवादी इतिहास में यह अब तक सबसे बड़ी बरामदगी है। बरामद सोने और नगद रकम का कुल मूल्य चौदह करोड़ रूपये से अधिक है। इसके साथ ही एके—फोर्टी सेवन, एलएमजी, सेल्फ लोडिंग राइफल जैसे तिरानवे हथियार भी बरामद किए गए हैं।

वहीं, दंतेवाड़ा जिले में आज चार महिला सहित पांच माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन पर नौ लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों से मिली जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने विभिन्न स्थानों में डम्प किए गए इंसास, एसएलआर, बीजीएल सहित चालीस हथियार भी बरामद किए हैं। कांकेर जिले में भी आज दो माओवादियों ने हथियार सहित आत्मसमर्पण किया है। इस बीच, नारायणपुर जिले में एक इनामी माओवादी ने पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुडिया के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इस पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित था।
वहीं, सुरक्षा बलों ने नारायणपुर जिले में माओवादियों द्वारा डम्प किए गए उनसठ हथियार भी बरामद किए हैं।

## मुख्यमंत्री—नक्सलवाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज के दिन को छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक दिन बताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अब नक्सलवाद जैसे गहरे नासूर से बाहर निकलकर विकास, विश्वास और सुशासन के नए युग की शुरुआत कर रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि अब स्थिति तेजी से बदल रही है और बस्तर, विकास की मुख्यधारा में मजबूती से लौट रहा है।

## जनगणना 2027

केन्द्र सरकार ने कल से शुरू हो रही जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के लिए तैंतीस प्रश्न अधिसूचित किए हैं। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में घर—घर जाकर सूचीकरण और स्व—गणना की प्रक्रिया पूरी होगी। यह चरण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार तीस सितंबर तक चलेगा। स्व—गणना पोर्टल सोलह भाषाओं में उपलब्ध होगा।

## केन्द्र—राशि

केंद्र सरकार ने पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान के तहत छत्तीसगढ़ सहित आठ राज्यों को दो हजार चार सौ इकसठ करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है। इसका उद्देश्य ग्रामीण स्थानीय शासन को और मजबूत करना है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने बताया कि छत्तीसगढ़ को लगभग तीन सौ सत्यासी करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

## मुख्यमंत्री–एंबुलेंस सेवा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में तीन सौ बेसिक लाइफ सपोर्ट और सत्तर एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के सभी जिलों के लिए रवाना किया। इसके साथ ही डायल – एक सौ आठ एंबुलेंस की सभी सेवाएं प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से शुरू हो गई हैं। इस पहल के अंतर्गत प्रदेश में पहली बार पांच नियोनेटल ए.एल.एस. एंबुलेंस सेवा भी शुरु की गई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित थे। नियोनेटल एंबुलेंस खासतौर से नवजात शिशुओं को ध्यान में रखकर शुरू की गई है। इसमें इन्क्यूबेटर, वेंटिलेटर, सक्शन मशीन और ऑक्सीजन सपोर्ट जैसी इकतालीस प्रकार की आपातकालीन जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## संपत्ति कर–तिथि

नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने इस वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर भुगतान की अंतिम तारीख इकतीस मार्च से बढ़ाकर अब तीस अप्रैल कर दी है। इसके बाद भुगतान करने पर सत्रह प्रतिशत सरचार्ज देना होगा। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी नगरीय निकायों को तीस दिनों का अतिरिक्त समय दिया गया है। राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं होने और अन्य प्रशासनिक कार्यों के चलते यह निर्णय लिया गया है।

## खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स–01

खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स में आज छत्तीसगढ़ के लिए काफी उपलब्धियों भरा दिन रहा। जगदलपुर में हुए एथलेटिक्स की स्पर्धाओं में छत्तीसगढ़ के सिद्धार्थ नागेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीते हैं। पुरूष वर्ग के शॉर्टपुट मुकाबले में नागेश ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, मेन्स डिस्कस थ्रो में उन्होंने रजत पदक हासिल किया है। इसके अलावा पुरूष वर्ग के सौ मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ के ही तिलक बर्सेल ने रजत पदक अपने नाम किया।

छत्तीसगढ़ की महिला फुटबॉल टीम ने भी आज सेमीफाइनल मुकाबले में अरूणाचल प्रदेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। निर्धारित समय तक दोनों टीमों ने दो–दो गोल किए थे। इसके बाद मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ ने तीन के मुकाबले चार गोल से रोमांचक जीत दर्ज की। इस जीत में छत्तीसगढ़ की अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी किरण पिसदा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए किरण पिसदा ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि उनकी टीम फाइनल में पहुंच गई है।

वहीं, फुटबॉल के महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में झारखंड ने गुजरात को शून्य के मुकाबले नौ गोल से हराया। अब दो अप्रैल को छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स–02

कल एक अप्रैल को पुरूष वर्ग में हॉकी का फाइनल मुकाबला ओडिशा और झारखंड के बीच रायपुर में खेला जाएगा। वहीं, महिला वर्ग की हॉकी का फाइनल भी कल ही होगा, जिसमें ओडिशा और मिजोरम की टीम भिड़ेंगी।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कर्नाटक उन्नीस स्वर्ण, सात रजत और सात कांस्य जीतकर कुल तैंतीस पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर है। वहीं, ओडिशा तेरह स्वर्ण, आठ रजत और पंद्रह कांस्य पदकों सहित कुल छत्तीस पदकों के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ दो स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में दसवें स्थान पर है।

## अग्निवीर भर्ती–आवेदन

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की कल एक अप्रैल अंतिम तिथि है। इच्छुक उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर भर्ती के तहत जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमेन के साथ ही सेना पुलिस, स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट और सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम एक से दस जून तक होने की संभावना हैं।

**महावीर जयंती**

चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महावीर जयंती के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

महावीर जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी जैन समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**खारून नदी–पुल मरम्मत**

भिलाई के कुम्हारी में खारून नदी पर बने पुल की मरम्मत का काम शुरू किया जाएगा। इसके मद्देनजर आज रात दस बजे के बाद तीस अप्रैल तक इस पुल को आवाजाही के लिए बंद कर दिया जाएगा। पुल बंद रहने के कारण रायपुर से दुर्ग और दुर्ग से रायपुर आने–जाने वाली सभी गाड़ियों को दूसरे रास्तों से होकर गुजरना पड़ेगा। इससे पहले कल इस मार्ग पर पुलिस और प्रशासन ने ट्रैफिक रिहर्सल किया। इस दौरान गाड़ियों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा गया।

**पासपोर्ट सेवा केन्द्र**

रायपुर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट सेवा केन्द्र को नये पते पर स्थानांतरित किया जा रहा है। यह केन्द्र अब तेलीबांधा स्थित वन हाई स्ट्रीट में दूसरी मंजिल में संचालित होगा। नया पासपोर्ट केन्द्र छह अप्रैल से काम करना शुरू करेगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने बताया कि छह अप्रैल या उसके बाद की तिथि के लिए पासपोर्ट आवेदन करने वाले नागरिक केन्द्र के नये पते पर उपस्थित हो सकते हैं।

**मौसम**

प्रदेश के सभी जिलों में चार अप्रैल से गर्मी से लोगों को राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान वर्षा की गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

मौसम विभाग ने कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि होने के आसार हैं। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से सरगुजा और बस्तर संभाग तथा उससे लगे जिले रहेंगे।

**संक्षिप्त समाचार**

– महासमुंद जिले में पुलिस ने अलग–अलग थाना क्षेत्र से छह क्विंटल से अधिक गांजा और सात सौ नग नशीली टेबलेट बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह के तेरह सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले की सभी तहसीलों के अंतर्गत आने वाले हल्के और उनके अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में अप्रैल से जून तक तीन चरणों में 'राजस्व पखवाड़े' का आयोजन किया जाएगा। पहले चरण का आयोजन कल से पंद्रह अप्रैल तक होगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>